Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up two units of Nuclear power plants in Bulandsahar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । आज हमारे देश का ऐतिहासिक दिन है और पूरा देश आज दीपावली मना रहा है । आपने मुझे इस अवसर पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र बुलंदशहर में 1 जनवरी, 1991 को परमाणु विद्‌युत उत्पादन के संयंत्र का यूनिट शुरू हुआ था । दूसरा यूनिट 1 जुलाई 1992 को 220 मेगावाट का शुरू हुआ था । कुल 440 मेगावाट विद्‌युत ऊर्जा उत्पादन बुलंदशहर में होता है । माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में वर्ष 2017 में पूरे देश में 7000 मेगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए सरकार ने 10 नए यूनिट स्थापित किए हैं, जिनमें से हरियाणा में दो हैं, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 4 यूनिट हैं । कर्नाटक में दो यूनिट हैं और बांसवाड़ा, राजस्थान में दो हैं । मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र नरौरा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र है, उसमें दो यूनिट अधिक की आवश्यकता है । उसके लिए वहां पर पर्याप्त मात्रा में जमीन और पानी की उपलब्धता है । मेरा आपसे आग्रह है कि सरकार दो यूनिट 800 मेगावाट के बुलंदशहर में स्थापित करवाने की कृपा करे ।